सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

दिनांक 19.01.2025

हत्या की घटना कारित करने वाली 01 वाँछित अभियुक्ता को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर इटावा के कुशल मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी नगर इटावा के नेतृत्व में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 11.01.2025 को समय करीब 13:00 बजे को यूपी 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुयी राघवेंद्र यादव निवासी वृन्दावन कालोनी थाना सिविल लाइन जनपद इटावा ने अपने घर में आग लगा ली है। सूचना पर तत्काल थाना सिविल लाइन पुलिस, जनपदीय फोरेंसिक टीम एवं उच्चाधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। थाना सिविल लाइन पुलिस टीम तथा फोरेसिंक टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुये अधजली अवस्था मे मिले मृतक राघवेन्द्र उपरोक्त के शव को कब्जे मे अग्रिम कार्यवाही करायी गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के निर्देशन मे उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु 04 पुलिस टीमों का गठन किया गया।

दिनांक 12.01.2025 को मृतक राघवेन्द्र उपरोक्त के पुत्र प्रिन्स यादव पुत्र राघवेन्द्र सिंह यादव निवासी ग्राम सुभानपुर थाना अछल्दा जनपद औरैया हाल निवासी वृन्दावन कालोनी थाना सिविल लाइन जनपद इटावा द्वारा थाना सिविल लाइन पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि दिनांक 10/11.01.2025 की रात्रि को मेरी माँ द्वारा मेरे पिता की हत्या कर दी गयी। **सूचना पर थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 05/2025 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया।**

जिसके क्रम में थाना सिविल लाइन पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्ता पत्नी को दिनांक 13.01.2025 को गिरफ्तार किया जा चुका है एवं 01 अन्य वाँछित अभियुक्ता की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत थी।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं हत्या की घटना को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 19.01.2024 को थाना सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर मु0अ0सं0 05/2025 से सम्बन्धित **01 अभियुक्ता को आईटीआई चौराहा के पास से समय 09.35 बजे सुबह** गिरफ्तार किया गया।

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 05/2025 धारा 103(1)/238 बीएनएस थाना सिविल लाइन जनपद इटावा।

गिरफ्तार अभियुक्ताः-

01. 01 अभियुक्ता।

पुलिस टीमः- निरी0 यशवन्त सिंह प्रभारी थाना सिविल लाइन, उ0नि0 सिपाहीलाल, का0 मोहित, म0का0 संजना जुरैल।